क्या भरोसा है इस जिंदगी का

क्या भरोसा है इस जिंदगी का,
साथ देती नहीं ये किसी का.....

सांस रुक जाएगी चलते चलते,
शमा बुझ जाएगी जलते जलते,
नाम रह जाएगा आदमी का,
साथ देती नहीं ये किसी का.....

हम रहेंगे ना दुनिया रहेगी,
दासता अपनी दुनिया कहेगी,
फ़र्ज़ पूरा करो ज़िन्दगी का,
साथ देती नहीं ये किसी का.....

रूठ जाएंगे सब रिश्ते नाते,
रह जाएगी दुनिया ये सारी,
साथ जाए ना नाता किसी का,
साथ देती नहीं ये किसी का.....

नाम जप लो हरी का ये प्यारा,
तेरे जीवन का ये ही सहारा,
ना मिलेगा ये जीवन दोबारा,
साथ देती नहीं ये किसी का.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32042/title/kya-bharosa-hai-is-zindagi-ka

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |